प्रभो! आदीश की अर्चा, करें हम आज तन-मन से।
सुनो! अब प्रार्थना स्वामी, हरो संकट भगत जन के॥

ॐ ह्रीं श्रीवृषभनाथ जिनेन्द्राय अनर्घपदप्राप्तये अर्घ्यं.....।

श्री चन्द्रप्रभ स्वामी अर्घ्य

(ज्ञानोदय)

अष्ट अंगमय नमस्कार कर, अष्ट शुद्धिमय आए हम।
अष्ट कर्म को हरने स्वामी, अष्ट द्रव्य भी लाए हम॥
अष्टम वसुधा मिलती अष्टम-चन्द्रप्रभु की पूजन से।
यश वैभव उत्तम पद मिलते, सविनय अर्घ्य समर्पण से॥

ॐ ह्रीं श्रीचन्द्रप्रभ जिनेन्द्राय अनर्घपदप्राप्तये अर्घ्यं.....।

श्री शान्तिनाथ स्वामी अर्घ्य

(शंभु)

है तीन लोक में शान्ति कहाँ, है शान्ति कहाँ जड़ पुद्गल में।
है तीन काल में शान्ति कहाँ, है शान्ति कहाँ जग दलदल में॥

अपने सम विघ्न अशान्ति हरो, अर्घों सी शान्ति करो आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय, शान्तिं शान्तिं कुरु कुरु स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्रीशान्तिनाथ जिनेन्द्राय अनर्घपदप्राप्तये अर्घ्यं.....।

श्री मुनिसुव्रतनाथ स्वामी अर्घ्य

(ज्ञानोदय)

नीर भाव वंदन चंदन है, अक्षत पुंज पुष्प भक्ति।
पद नैवेद्य दीप आशा का, धूप प्रीत की फल मुक्ति॥
ऐसा अर्घ्य-अनर्घपदक को, दिलवाने स्वीकार करो।
हे मुनिसुव्रत! संकटमोचन!, सब संकट परिहार करो॥

ॐ ह्रीं श्रीमुनिसुव्रतनाथ-जिनेन्द्राय अनर्घपद-प्राप्तये अर्घ्यं ...।

श्री नेमिनाथ स्वामी अर्घ्य

(लय : श्री सिद्धचक्र का पाठ...)

श्री नेमिप्रभु के पर्व, चढ़ा के अर्घ्य, सर्व कल्याणी।
हम करें नमोऽस्तु स्वामी॥
प्रभु देख प्राणियों का क्रंदन, झट तजे राज राजुल बन्धन।
फिर माँ-बाबुल का तज के दाना पानी, प्रभु बने भेद विज्ञानी।
श्री नेमिप्रभु के....॥

ॐ ह्रीं श्रीनेमिनाथ जिनेन्द्राय अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घ्यं.....।

श्री पार्श्वनाथ स्वामी अर्घ्य

(ज्ञानोदय)

द्रव्य मिला वसु अर्घ्य बनाए, भक्त मूल्य इसका जानें।
ऋद्धि-सिद्धि मंगलमय सक्षम, इच्छा पूरक भी मानें॥
अर्घ्य चढ़ा अनर्घपद पाने, पार्श्वनाथ को हम ध्याएँ।
भयहर! हे उपसर्ग विजेता!, भक्तों के मन वस जाएँ॥

ॐ ह्रीं श्रीपार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अनर्घपदप्राप्तये अर्घ्यं.....।

श्री महावीर स्वामी अर्घ्य

(ज्ञानोदय)

हम तो एक जमीं के कण हैं, तीन लोक के तुम स्वामी।
अपना जीवन निंदित है पर, श्रेष्ठ पूज्य तुम जगनामी॥
ओस बूँद हम रत्नाकर तुम, रत्नों से झोली भर दो।
हम तो अर्घ्य चढ़ाएँ सादर, नजर दया की तुम कर दो॥

ॐ ह्रीं श्रीमहावीर जिनेन्द्राय अनर्घपदप्राप्तये अर्घ्यं.....।

बाहुबली भगवान का अर्घ्य

(शंभु)

वैराग्य तुम्हारा देखा तो, भरतेश झुके भू अम्बर भी।
तब मुक्तिवधू नत नयना हो, वरमाला करे स्वयंवर भी॥
हो काश! हमारा भी ऐसा, सो अर्घ्य मनोहर अर्पित है।
प्रभु बाहुबली को नमोऽस्तु कर, चरणों में भक्ति समर्पित है॥

ॐ ह्रीं श्री बाहुबली जिनेन्द्राय अनर्घपद प्राप्तये अर्घ्यं...।

सोलहकारण का अर्घ्य

(आंचलीबद्ध चौपाई)

प्रासुक द्रव्य मिलाकर आठ, अर्घ्य बना करलें जिन पाठ।
करें कल्याण, पूजन कर पाएँ निर्वाण॥
भजें भावना सोलह रोज, तीर्थंकर पद की हो खोज।
बनें जिनराज, सो नमोऽस्तु कर पूजें आज॥

ॐ ह्रीं श्री दर्शनविशुद्धयादि षोडशकारणेभ्यो अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घ्यं...।

पंचमेरू का अर्घ्य

पंचमेरू जिनशासन पर्व, भक्त चढ़ाके जिनको अर्घ्य।
करें त्यौहार, कर लें प्रभु सा निज उद्धार॥

पंचमेरू मंदिर जिन ईश, आठ हजार छह सौ चालीस।
भजें सुर लोग, कर नमोऽस्तु पूजें हम लोग॥

ॐ ह्रीं श्री पंचमेरूसंबंधि-जिनचैत्यालयस्थ-जिनबिम्बेभ्यो अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं...।

नंदीश्वर का अर्घ्य

यह अर्घ्य दिखे कमजोर, पर बलवान बड़े।
जो खींचे प्रभु की ओर, सो हम आन खड़े॥
हम दुख संकट लें जीत, निज पर राज करें।
छप्पन सौ सोलह बिम्ब, नंदीश्वर सोहें॥

ॐ ह्रीं श्री नंदीश्वरद्वीपे द्विपंचाशज्जिनालयस्थ जिनप्रतिमभ्यो अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं...।

दसलक्षण का अर्घ्य

(सखी)

यह अर्घ्य चढ़ा हो जादू, झट धर्म बना दे साधु।
ले पिछी कमण्डल डोलें, पट मोक्षमहल के खोलें॥
दसलक्षण के केशरिया, हम रंग में रंगने आए।
पूजा में करके नमोऽस्तु, दस धर्म मनाने आए॥

ॐ ह्रीं उत्तमक्षमादि दशलक्षणधर्मेभ्यो अनर्घपद प्राप्तये अर्घ्यं...।

रत्नत्रय का अर्घ्य

(ज्ञानोदय)

उपसर्गों से परीषहों से, डरकर रत्नत्रय न लिया।
हीरे जैसा मानव जीवन, कौड़ी जैसा गवां दिया॥
जड़ द्रव्यों के विकल्प तज के, चेतन धाम मिले हमको।
सो यह अर्घ्य करें हम अर्पित, हो नमोऽस्तु रत्नत्रय को॥

ॐ ह्रीं श्री सम्यक्रत्नत्रयाय अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घ्यं...।

जिनवाणी का अर्घ्य

(त्रिभंगी)

जिनवाणी मैया, संयम नैया, दे के भैया, मुक्त करें।
सो करें सवारी, हों अनगारी, मुक्ति नारी, प्राप्त करें॥
तीर्थंकर वाणी, सुनकर ज्ञानी, गणधर स्वामी, श्रुत रचते।
माँ सरस्वती हम, पाने आतम, अर्घ्य से अर्चन, अब करते॥

ॐ ह्रीं श्री जिनमुखोद्भव सरस्वतीदैव्यै अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घ्यं...।

सप्तर्षि का अर्घ्य

(दोहा)

श्री मनु स्वरमनु श्रीनिचय, सर्वसुन्दर जयवान।
विनयलालस जयमित्रजी, भजें सप्तऋषि नाम॥

ॐ ह्रीं श्री मनु स्वरमनु श्रीनिचय सर्वसुन्दर जयवान विनयलालस जयमित्राख्य-चारणऋषिभ्यो नमः अर्घ्यं...।

निर्वाणक्षेत्र का अर्घ्य

(शुद्ध गीता)

उसी मय आत्मा होती, जिसे जो चाहते मन से।
किया जब ध्यान सिद्धों का, मिले सो सिद्ध भगवन से॥
करें शुद्धात्म सिद्धों सम, अतः यह अर्घ्य अर्पित है।
भजें निर्वाण क्षेत्रों को, नमोऽस्तु भी समर्पित है॥

ॐ ह्रीं अर्हं श्री निर्वाणक्षेत्रात् मुक्तिप्राप्त मुनिभ्यो अनर्घपद प्राप्तये अर्घ्यं...।

श्री सम्मेदशिखर का अर्घ्य

(शंभु)

सम्मेदशिखर का तीरथ तो, सब तीर्थों का ही सार रहा।
सो इसकी तीर्थ वन्दना बिन, हम समझें सब निस्सार रहा॥

अब अर्घ्य चढ़ा हर टोंकों को, कर परिक्रमा निज खोज रहे।
सो कहें णमो सिद्धाणं हम, सम्मेदशिखर को पूज रहे॥

ॐ ह्रीं श्री सम्मेदशिखर सिद्धक्षेत्रेभ्यो अनर्घपद प्राप्तये अर्घ्यं...।

आचार्य श्री विद्यासागरजी महाराज का अर्घ्य

(ज्ञानोदय)

अतुलनीय विद्यागुरुवरजी, तुल न सके उपकरणों से।
सब उपमाएँ फीकी पड़तीं, सज न सके आभरणों से॥
यूँ तो गुरु के सिर पर कोई, ताज नहीं आवाज नहीं।
पर ऐसा है कौन यहाँ दिल, जिस पर गुरु का राज नहीं॥

ॐ ह्रूं आचार्य गुरुवर श्रीविद्यासागर मुनीन्द्राय अनर्घपद प्राप्तये अर्घ्यं...।

मुनि श्री सुव्रतसागरजी महाराज का अर्घ्य

(ज्ञानोदय)

अष्ट द्रव्य ले सोच रहे हम, और समर्पित क्या कर दें।
तन मन जीवन गुरु चरणों में, जल्दी अर्पित हम कर दें॥
गुरु चरणों के योग्य बनें हम, सुव्रत दान हमें दे दो।
कर नमोऽस्तु यह अर्घ्य चढ़ाएँ, अपनी शरण हमें ले लो॥

ॐ ह्रः श्री सुव्रतसागर मुनीन्द्राय अनर्घपदप्राप्तये अर्घ्यं...

आगे बनूँगा
प्रभु पदों में अभी
बैठ तो जाऊँ

सिद्धभक्ति (प्राकृत गाथा)

असरीरा जीवघणा, उवजुत्ता दंसणेय णाणेय।
सायार मणायारा, लक्खणमेयं तु सिद्धाणं ॥1॥
मूलोत्तर पयडीणं, बंधोदयसत्त-कम्म उम्मुक्का।
मंगलभूदा सिद्धा, अट्ठगुणा तीद संसारा ॥2॥
अट्ठ वियकम्म वियला, सीदीभूदा णिरंजणा णिच्चा।
अट्ठ गुणा किदकिच्चा, लोयग्गणिवासिणो सिद्धा ॥3॥
सिद्धा णट्ठट्ठ मला, विसुद्ध बुद्धीय लद्धि सब्भावा।
तिहुअणसिर-सेहरया, पसियंतु भडारया सव्वे ॥4॥
गमणागमण विमुक्के, विहडियकम्मपयडि संघारा।
सासह सुह संपत्ते, ते सिद्धा वंदिमो णिच्चं ॥5॥
जय मंगल भूदाणं, विमलाणं णाणदंसणमयाणं।
तइलोइसेहराणं, णमो सया सव्व सिद्धाणं ॥6॥
सम्मत्त-णाणदंसण-वीरिय सुहुमं तहेव अवगहणं।
अगुरुलघु मव्वावाहं, अट्ठगुणा होंति सिद्धाणं ॥7॥
तवसिद्धे णयसिद्धे, संजमसिद्धे चरित्तसिद्धे य।
णाणम्मि दंसणम्मि य, सिद्धे सिरसा णमस्सामि ॥8॥

इच्छामि भंते! सिद्धभत्तिकाउस्सग्गोकओ तस्सालोचेउं सम्मणाण सम्मदंसण सम्मचरित्त जुत्ताणं अट्ठविह कम्म-विप्पमुक्काणं अट्ठगुण-संपण्णाणं उड्ढलोयमत्थयम्मि पइट्ठियाणं तवसिद्धाणं णयसिद्धाणं संजमसिद्धाणं चरित्त-सिद्धाणं अतीदाणागद-वट्टमाणकालत्तय सिद्धाणं सव्व-सिद्धाणं णिच्चकालं अंचेमि पुज्जेमि वंदामि णमंसामि दुक्खक्खओ कम्मक्खओ बोहिलाओ सुगइगमणं समाहि-मरणं जिणगुणसम्पत्ति होउ मज्झं।

तीर्थक्षेत्र श्रुतधाम बीना के बड़ेबाबा
श्री वृषभनाथ जी दीप अर्चना/ ऋद्धि विधान

मंगलाचरण

ओम् नमः सिद्धेभ्यः ।-४

(जोगीरासा)

१. बीना के श्रुतधाम तीर्थ के, वृषभनाथ जी स्वामी।
वीतराग सर्वज्ञ हितैषी, भगवन अंतर्यामी॥
पद्मासन के आदीश्वर जी, आदिब्रह्म जिनदेवा।
हम तो सादर करें नमोऽस्तु, स्वीकारो यह सेवा॥ ओम्...

२. वृषभनाथ पहले तीर्थंकर, जन्म अयोध्या नगरी।
इक्ष्वाकु कुल के श्री नंदन, पायी देह सुनहरी॥
नाभिराय के राज दुलारे, मरुदेवी के नंदा।
वृषभ चिह्न पहचान आपकी, देते परमानंदा॥ ओम्...

३. भोगभूमि की हुई समाप्ति, कल्पवृक्ष जब खोए।
बेघर होकर प्राणी भटके, भूखे प्यासे रोए॥
आदिकाल के आदि प्रवर्तक, आदि ब्रह्म बन आए।
सत्य अहिंसा ब्रह्मचर्य धर, धर्म ध्वजा फहराए॥ ओम्...

४. दिए अहिंसा परमो धर्मः, जीव मात्र को शिक्षा।
जियो और जीने दो सबको, है साँची जिन दीक्षा॥
करो अहिंसक कृषि गौपालन, या ऋषि बनना साँचा।
षट्कर्मों की शिक्षा देकर, मोक्षमार्ग फिर वाँचा॥ ओम्...

५. सभी कलायें विद्यायें दीं, योग अंक अक्षर कीं।
मुक्तिवधू को पाने अपनी, बिटियों को साक्षर कीं॥

अष्टापद का सर्व सिद्धवर, कूट त्याग फिर स्वामी।
मोक्ष गए सो करें नमोऽस्तु, मिले मुक्ति आगामी॥ ओम्...
६. जिसे प्राप्त करना परमातम, बहिरातम वह त्यागे।
अंतर आतम के साधन से, शुद्धातम में लागे॥
परमातम को पाने वो तो, मोक्षमार्ग अपनाए।
सो श्रुतधाम तीर्थ में आकर, वृषभनाथ को ध्याए॥ ओम्...
७. ये श्रुतधाम तीर्थ हम सबको, आत्मिक शांति प्रदाता।
मुक्त गगन की विद्या देगी, समवसरण सुख साता॥
एक बार कर तीर्थ वंदना, पाएँ धर्म सफलता।
वृषभनाथ को करके नमोऽस्तु, सुव्रत धरो सरलता॥ ओम्...
८. तेरा मंगल मेरा मंगल, सबका मंगल होवे।
सुखिया होवे सारी दुनियाँ, कोई दुखी न होवे॥
कणकण मंगल क्षणक्षण मंगल, जनजन मंगल होवे।
कर नमोऽस्तु श्रुतधाम तीर्थ को, जग का मंगल होवे॥ ओम्...

(पुष्पांजलिं...)

===

आस्था व बोध
संयम की कृपा से
मंजिल पाते

श्री वृषभनाथ जी पूजन

स्थापना

(दोहा)

बीना के श्रुतधाम के, वृषभनाथ भगवान।
हम सब के आदर्श को, हो नमोऽस्तु धर ध्यान ॥

(शंभू)

श्रुतधाम तीर्थ के हे ! जिनवर, श्री वृषभनाथ अंतर्यामी।
श्री नाभिराय मरुदेवी के, नंदन हम भक्तों के स्वामी॥
हे ! नाथ आपसे मिलने को, ये आमंत्रण भी लाए हैं।
श्री वृषभनाथ की पूजा को, श्रुतधाम तीर्थ हम आए हैं ॥

(दोहा)

आमंत्रण स्वीकार कर, हृदय पधारो नाथ।
आतम परमातम बने, हमें दीजिए साथ॥

ॐ ह्रीं तीर्थक्षेत्र श्रुतधाम बीना स्थित श्री वृषभनाथ जिनेंद्र ! अत्र अवतर-अवतर...। अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः...। अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट्...।

(पुष्पांजलिं...)

जब जन्म हुआ तो ज्ञान न था, फिर फँसी जवानी भोगों में।
तब धर्म ध्यान कैसे होगा, जब फँसा बुढ़ापा रोगों में॥
दुख चक्र मिटाने को हम तो, जल अर्पित करने लाए हैं।
श्री वृषभनाथ की पूजा को, श्रुतधाम तीर्थ हम आए हैं ॥

ॐ ह्रीं तीर्थक्षेत्र श्रुतधाम बीना स्थित श्री वृषभनाथ-जिनेन्द्राय जन्म-जरा-मृत्यु विनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

पुद्गल की माया में फँसकर, बस विषय भोग ही याद रहे।
दिन रात इन्हीं की चिंता में, आतम परमातम भूल रहे॥

भव ताप मिटाने को हम तो, चंदन वंदन को लाए हैं।
श्री वृषभनाथ की पूजा को, श्रुतधाम तीर्थ हम आए हैं ॥

ॐ ह्रीं तीर्थक्षेत्र श्रुतधाम बीना स्थित श्री वृषभनाथ-जिनेन्द्राय संसारताप विनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा ।

इसके कारण उसके कारण, हम बँधे पाप के बंधन से।
अब भटक रहे मारे मारे, सो मिल न सके निज भगवन् से॥
अब शरण आपकी पाने को, यह पुंज चढ़ाने लाए हैं।
श्री वृषभनाथ की पूजा को,श्रुतधाम तीर्थ हम आए हैं ॥

ॐ ह्रीं तीर्थक्षेत्र श्रुतधाम बीना स्थित श्री वृषभनाथ-जिनेन्द्राय अक्षयपद प्राप्तये अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा ।

फूलों सा जीवन पाकर के, बस काँटों के व्यापार किए।
सो कामुकता ही हाथ लगी, कब अपना हम शृंगार किए॥
अब आतम कली खिलाने को, ये पुष्प चढ़ाने लाए हैं।
श्री वृषभनाथ की पूजा को, श्रुतधाम तीर्थ हम आए हैं ॥

ॐ ह्रीं तीर्थक्षेत्र श्रुतधाम बीना स्थित श्री वृषभनाथ-जिनेन्द्राय कामबाण विध्वंसनाय पुष्पाणि निर्वपामीति स्वाहा ।

ना तृप्ति हुई पकवानों से, ना तृप्ति हुई रसपानों से।
सो लुटे पिटे भूखे प्यासे, हम मिल ना सके भगवानों से॥
अध्यात्म सरस चख पाने को, नैवेद्य चढ़ाने लाए हैं।
श्री वृषभनाथ की पूजा को, श्रुतधाम तीर्थ हम आए हैं ॥

ॐ ह्रीं तीर्थक्षेत्र श्रुतधाम बीना स्थित श्री वृषभनाथ-जिनेन्द्राय क्षुधारोग विनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा ।

सब पुण्य पाप की महिमा है, हम दोष दूसरों पर डालें।
परिणाम हुआ पथ भटक गए, शुद्धात्म हुए काले काले॥

अब ज्ञान ज्योति प्रकटाने को, यह दीप जलाने लाए हैं।
श्री वृषभनाथ की पूजा को, श्रुतधाम तीर्थ हम आए हैं ॥

ॐ ह्रीं तीर्थक्षेत्र श्रुतधाम बीना स्थित श्री वृषभनाथ-जिनेन्द्राय मोहांधकार विनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा ।

दुनिया ने खूब जलाया पर, हम नहीं जले ना कर्म जले।
दुख दर्द वेदना तो भोगी पर, हो ना सके चेतन उजले॥
अब कर्म कलंक मिटाने को, यह धूप जलाने लाए हैं।
श्री वृषभनाथ की पूजा को, श्रुतधाम तीर्थ हम आए हैं ॥

ॐ ह्रीं तीर्थक्षेत्र श्रुतधाम बीना स्थित श्री वृषभनाथ-जिनेन्द्राय अष्टकर्म दहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा ।

तप त्याग तपस्या करके हम, संतान संपदा सुख चाहें।
यदि प्राप्त हुए तो गर्व किए, यदि मिले न तो भरते आहें॥
हम पुण्यफला अरिहंता हों, सो फल अर्पण को लाए हैं।
श्री वृषभनाथ की पूजा को, श्रुतधाम तीर्थ हम आए हैं ॥

ॐ ह्रीं तीर्थक्षेत्र श्रुतधाम बीना स्थित श्री वृषभनाथ-जिनेन्द्राय महामोक्षफल प्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।

हम नाथ! आपके श्रद्धालु, बस भाव भक्ति से आते हैं।
बदले में कुछ भी चाह नहीं, फिर भी यह भाव बनाते हैं॥
प्रभु हृदय हमारे आप रहें, सो अर्घ्य चढ़ाने लाए हैं।
श्री वृषभनाथ की पूजा को, श्रुतधाम तीर्थ हम आए हैं ॥

ॐ ह्रीं तीर्थक्षेत्र श्रुतधाम बीना स्थित श्री वृषभनाथ-जिनेन्द्राय अनर्घ्यपद प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥

पंच कल्याणक अर्घ्य

(दोहा)

दोज कृष्ण आषाढ़ को, सर्वारथ सुर त्याग।
गर्भ वसे मरुमात के, जिन से है अनुराग॥

ॐ ह्रीं आषाढ़ कृष्णद्वितीयायां गर्भमङ्गलमण्डिताय तीर्थक्षेत्र श्रुतधाम बीना स्थित श्री वृषभनाथ-जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥

नाभिराय के आँगने, जन्म लिए भगवान्।
चैत्र कृष्ण नवमी हुई, जग में पूज्य महान्॥

ॐ ह्रीं चैत्र कृष्ण नवम्यां जन्ममङ्गलमण्डिताय तीर्थक्षेत्र श्रुतधाम बीना स्थित श्री वृषभनाथ-जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥

चैत्र श्याम नवमी दिना, बने दिगम्बर नाथ।
मोह तजा आतम भजा, जिन्हें नमें नत माथ॥

ॐ ह्रीं चैत्र कृष्ण नवम्यां तपोमङ्गलमण्डिताय तीर्थक्षेत्र श्रुतधाम बीना स्थित श्री वृषभनाथ-जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥

ग्यारस फाल्गुन कृष्ण में, घातिकर्म सब नाश।
बने केवली लोक ये, नम्र हुआ बन दास॥

ॐ ह्रीं फाल्गुनकृष्ण एकादश्यां ज्ञानमङ्गलमण्डिताय तीर्थक्षेत्र श्रुतधाम बीना स्थित श्री वृषभनाथ-जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥

माघ कृष्ण चौदस दिना, हरे कर्म का भार।
हिमगिरि से शिवपुर गए, हम पाए त्यौहार॥

ॐ ह्रीं माघकृष्णचतुर्दश्यां मोक्षमङ्गलमण्डिताय तीर्थक्षेत्र श्रुतधाम बीना स्थित श्री वृषभनाथ-जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥

जाप्यमंत्र-ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं अर्हं श्री वृषभनाथ-जिनेन्द्राय नमो नमः।

जयमाला (दोहा)

करें वंदना भाव से, आकर के श्रुतधाम।
प्रथम-प्रथम आदीश को, बारंबार प्रणाम॥

(ज्ञानोदय)

भव्य जीव जो जिनशासन के, अनुयायी बन जाते हैं।
चौबीसी के श्रद्धालु वे, मोक्षमार्ग को पाते हैं॥
अनादि कालिक मिथ्यादर्शन, भव का भ्रमण नशाते हैं।
निज का रत्नत्रय प्रकटाकर, आत्मिक सुख वे पाते हैं॥१॥
ऐसे ही श्री वृषभनाथ जी, एक जीव संसारी थे।
लेकिन जिनशासन को पाकर, पाए मोक्ष सवारी थे॥
सुनते हैं वे वर्तमान में, मोक्ष महल में रहते हैं।
परम-परम अध्यात्म सुखों को, सचमुच! भोगा करते हैं॥२॥
जब चारित्र उन्हीं का समझा, तो मिलने मजबूर हुए।
उनके पथ पर चलने हम भी, उनके ही मजदूर हुए॥
जी हाँ! ये वो वृषभनाथ हैं, धर्म जिन्होंने दिया हमें।
जीवन की हर कला सिखाई, स्वर्ग मोक्ष पथ दिया हमें॥३॥
भारत देश विदेश विश्व में, सब पर तो उपकार किए।
तारण तरण जहाज बने वो, चरण शरण उपहार दिए॥
स्वार्थ नहीं कुछ आज हमारा, बस उपकार चुकाने को।
हम आए श्री वृषभनाथ को, सादर शीश झुकाने को॥४॥
शीश झुकाएं गीत सुनाएँ, करें अर्चना भली भली।
वृषभनाथ को पाकर अब हम, भटकेंगे ना गली गली॥
है विश्वास आप पर हमको, कभी हमें भी तारोगे।
आज नहीं तो कल या परसों, भव से पार उतारोगे॥५॥

(दोहा)

जिनशासन की शान है, तीर्थक्षेत्र श्रुतधाम।
अतः आत्म कल्याण को, दो निज में विश्राम॥

ॐ ह्रीं तीर्थक्षेत्र श्रुतधाम बीना स्थित श्री वृषभनाथ-जिनेन्द्राय अनर्घ्यपद प्राप्तये जयमाला पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।

(दोहा)

वृषभनाथ स्वामी करें, विश्वशान्ति कल्याण।
प्रासुक जल की धार दे, हम पूजत भगवान्॥

(शान्तये शान्तिधारा...)

कल्पवृक्ष के पुष्प सम, पुष्पांजलि पद लाए।
भव दुःखों को मेंट दो, वृषभनाथ जिनराय॥

(पुष्पांजलि...)

दीप अर्चना-ऋद्धि विधान अर्घ्यावली

(हाकलिका)

इन्द्री कर्म विजेता हैं, मोक्षमार्ग के नेता हैं।
वृषभनाथ श्रुतधामा ईश, हम नमोऽस्तु कर टेकें शीश॥

ॐ ह्रीं णमो जिणाणं श्रीवृषभनाथ-जिनेन्द्राय दीपं.../अर्घ्यं...॥ १॥

अवधिज्ञान के स्वामी हैं, सुंदर अंतरयामी हैं।
वृषभनाथ श्रुतधामा ईश, हम नमोऽस्तु कर टेकें शीश॥

ॐ ह्रीं णमो ओहिजिणाणं श्रीवृषभनाथ-जिनेन्द्राय दीपं.../अर्घ्यं...॥ २॥

परमावधि के धारी हो, बाबा अतिशयकारी हो।
वृषभनाथ श्रुतधामा ईश, हम नमोऽस्तु कर टेकें शीश॥

ॐ ह्रीं णमो परमोहिजिणाणं श्रीवृषभनाथ-जिनेन्द्राय दीपं.../अर्घ्यं...॥ ३॥

सर्वावधि के ईश रहे, देते आशीर्वाद रहे।
वृषभनाथ श्रुतधामा ईश, हम नमोऽस्तु कर टेकें शीश॥

ॐ ह्रीं णमो सव्वोहिजिणाणं श्रीवृषभनाथ-जिनेन्द्राय दीपं.../अर्घ्यं...॥ ४॥

ज्ञान अनन्तावधि ज्ञाता, मुक्तिवधू के विख्याता।
वृषभनाथ श्रुतधामा ईश, हम नमोऽस्तु कर टेकें शीश॥
ॐ ह्रीं णमो अणंतोहिजिणाणं श्रीवृषभनाथ-जिनेन्द्राय दीपं.../अर्घ्यं...॥ ५॥
कोष्टबुद्धि को धार रहे, भक्तों को भी तार रहे।
वृषभनाथ श्रुतधामा ईश, हम नमोऽस्तु कर टेकें शीश॥
ॐ ह्रीं णमो कोट्ठबुद्धीणं श्रीवृषभनाथ-जिनेन्द्राय दीपं.../अर्घ्यं...॥ ६॥
बीजबुद्धि के भण्डारी, श्रद्धालु के हितकारी।
वृषभनाथ श्रुतधामा ईश, हम नमोऽस्तु कर टेकें शीश॥
ॐ ह्रीं णमो बीजबुद्धीणं श्रीवृषभनाथ-जिनेन्द्राय दीपं.../अर्घ्यं...॥ ७॥
पदानुसारी मंत्र दिए, जिनशासन जयवंत किए।
वृषभनाथ श्रुतधामा ईश, हम नमोऽस्तु कर टेकें शीश॥
ॐ ह्रीं णमो पदाणुसारीणं श्रीवृषभनाथ-जिनेन्द्राय दीपं.../अर्घ्यं...॥ ८॥

(जोगीरासा)

सदा-सदा संभिन्नश्रोतृ से, हरें हमारी पीड़ा।
वो संग्राम महा सेनानी, हमको लगते हीरा॥
सुनो! प्रार्थनापत्र हमारा, हम हैं भक्त तुम्हारे।
वृषभनाथ श्रुतधाम विराजे, तुम्हें नमोऽस्तु हमारे॥
ॐ ह्रीं णमो संभिण्णसोदाराणं श्रीवृषभनाथ-जिनेन्द्राय दीपं.../अर्घ्यं...॥ ९॥
आप हमें संसार मोह से, सदा सुरक्षा देते।
आप स्वयंभू आप स्वयं ही, जिनवर दीक्षा लेते॥
सुनो! प्रार्थनापत्र हमारा, हम हैं भक्त तुम्हारे।
वृषभनाथ श्रुतधाम विराजे, तुम्हें नमोऽस्तु हमारे॥
ॐ ह्रीं णमो सयंबुद्धाणं श्रीवृषभनाथ-जिनेन्द्राय दीपं.../अर्घ्यं...॥ १०॥
जगत कष्ट पीडा हरने को, पूज्य महाव्रत धारे।
वृषभनाथ प्रत्येकबुद्ध जी, श्री ऋषिराज हमारे॥

सुनो! प्रार्थनापत्र हमारा, हम हैं भक्त तुम्हारे।
वृषभनाथ श्रुतधाम विराजे, तुम्हें नमोऽस्तु हमारे॥

ॐ ह्रीं णमो पत्तेयबुद्धाणं श्रीवृषभनाथ-जिनेन्द्राय दीपं.../अर्घ्यं...॥ ११॥

देकर साथ थामकर उँगली, चलना हमें सिखाया।
बोधितबुद्ध निरंजन हैं वो, उनमें धर्म समाया॥
सुनो! प्रार्थनापत्र हमारा, हम हैं भक्त तुम्हारे।
वृषभनाथ श्रुतधाम विराजे, तुम्हें नमोऽस्तु हमारे॥

ॐ ह्रीं णमो बोहियबुद्धाणं श्रीवृषभनाथ-जिनेन्द्राय दीपं.../अर्घ्यं...॥ १२॥

(चौपाई)

ऋजुमति ज्ञान मनःपर्यय जो, विघ्न विनाशक देता जय को।
वृषभनाथ श्रुतधाम जिनंदा, कर नमोऽस्तु पाएँ आनंदा॥

ॐ ह्रीं णमो उजुमदीणं श्रीवृषभनाथ-जिनेन्द्राय दीपं.../अर्घ्यं...॥ १३॥

ज्ञान विपुलमति मनःपर्यय जो, उच्चासन दे आत्म निलय को।
वृषभनाथ श्रुतधाम जिनंदा, कर नमोऽस्तु पाएँ आनंदा॥

ॐ ह्रीं णमो विउलमदीणं श्रीवृषभनाथ-जिनेन्द्राय दीपं.../अर्घ्यं...॥ १४॥

दसपूर्वों के धारक योगी, योग धरो जग करो निरोगी।
वृषभनाथ श्रुतधाम जिनंदा, कर नमोऽस्तु पाएँ आनंदा॥

ॐ ह्रीं णमो दसपुव्वीणं श्रीवृषभनाथ-जिनेन्द्राय दीपं.../अर्घ्यं...॥ १५॥

चौदहपूर्वी हो विज्ञानी, सबके भाग्य विधाता स्वामी।
वृषभनाथ श्रुतधाम जिनंदा, कर नमोऽस्तु पाएँ आनंदा॥

ॐ ह्रीं णमो चउदसपुव्वीणं श्रीवृषभनाथ-जिनेन्द्राय दीपं.../अर्घ्यं...॥ १६॥

प्रभु अष्टांगनिमित्त निखारे, सबकी नैया पार उतारे।
वृषभनाथ श्रुतधाम जिनंदा, कर नमोऽस्तु पाएँ आनंदा॥

ॐ ह्रीं णमो अट्ठंगमहाणिमित्तकुसलाणं श्रीवृषभनाथ-जिनेन्द्राय दीपं.../अर्घ्यं...॥ १७॥

ऋद्धि विक्रिया जो धर लेते, हमको मोक्ष सवारी देते।
वृषभनाथ श्रुतधाम जिनंदा, कर नमोऽस्तु पाएँ आनंदा॥
ॐ ह्रीं णमो विउव्वइड्ढिपत्ताणं श्रीवृषभनाथ-जिनेन्द्राय दीपं.../अर्घ्यं...॥ १८॥

विद्याधर नर संयमधारी, सबके भगवन अतिशयकारी।
वृषभनाथ श्रुतधाम जिनंदा, कर नमोऽस्तु पाएँ आनंदा॥
ॐ ह्रीं णमो विज्जाहराणं श्रीवृषभनाथ-जिनेन्द्राय दीपं.../अर्घ्यं...॥ १९॥

चारणऋद्धि धरो तुम स्वामी, हमें सिद्धि सुख दो आगामी।
वृषभनाथ श्रुतधाम जिनंदा, कर नमोऽस्तु पाएँ आनंदा॥
ॐ ह्रीं णमो चारणाणं श्रीवृषभनाथ-जिनेन्द्राय दीपं.../अर्घ्यं...॥ २०॥

प्रज्ञाश्रमण जिनेश्वर राजा, हम सबके परमेश्वर बाबा।
वृषभनाथ श्रुतधाम जिनंदा, कर नमोऽस्तु पाएँ आनंदा॥
ॐ ह्रीं णमो पण्णसमणाणं श्रीवृषभनाथ-जिनेन्द्राय दीपं.../अर्घ्यं...॥ २१॥

कमलविहारी गगनविहारी, मोक्षमार्ग दो अतिशयकारी।
वृषभनाथ श्रुतधाम जिनंदा, कर नमोऽस्तु पाएँ आनंदा॥
ॐ ह्रीं णमो आगासगामीणं श्रीवृषभनाथ-जिनेन्द्राय दीपं.../अर्घ्यं...॥ २२॥

आशीर्विष के तुम धारी हो, दे सुख शांति संसारी को।
वृषभनाथ श्रुतधाम जिनंदा, कर नमोऽस्तु पाएँ आनंदा॥
ॐ ह्रीं णमो आसीविसाणं श्रीवृषभनाथ-जिनेन्द्राय दीपं.../अर्घ्यं...॥ २३॥

दृष्टिर्विष के हो भण्डारी, सिद्धांतों के आज्ञाकारी।
वृषभनाथ श्रुतधाम जिनंदा, कर नमोऽस्तु पाएँ आनंदा॥
ॐ ह्रीं णमो दिट्ठिविसाणं श्रीवृषभनाथ-जिनेन्द्राय दीपं.../अर्घ्यं...॥ २४॥

(दोहा)

उग्रतपों को धारकर, तार रहे संसार।
वृषभनाथ श्रुतधाम को, नमोऽस्तु बारम्बार॥
ॐ ह्रीं णमो उग्गतवाणं श्रीवृषभनाथ-जिनेन्द्राय दीपं.../अर्घ्यं...॥ २५॥

दीप्ततपों को धारकर, करो जगत श्रृंगार।
वृषभनाथ श्रुतधाम को, नमोऽस्तु बारम्बार॥
ॐ ह्रीं णमो दित्ततवाणं श्रीवृषभनाथ-जिनेन्द्राय दीपं.../अर्घ्यं...॥ २६॥

तप्ततपों को धारकर, मोक्षनगर उजयार।
वृषभनाथ श्रुतधाम को, नमोऽस्तु बारम्बार॥
ॐ ह्रीं णमो तत्ततवाणं श्रीवृषभनाथ-जिनेन्द्राय दीपं.../अर्घ्यं...॥ २७॥

महातपों को धारकर, सबका करो सुधार।
वृषभनाथ श्रुतधाम को, नमोऽस्तु बारम्बार॥
ॐ ह्रीं णमो महातवाणं श्रीवृषभनाथ-जिनेन्द्राय दीपं.../अर्घ्यं...॥ २८॥

घोरतपों को धारकर, दूर करो संहार।
वृषभनाथ श्रुतधाम को, नमोऽस्तु बारम्बार॥
ॐ ह्रीं णमो घोरतवाणं श्रीवृषभनाथ-जिनेन्द्राय दीपं.../अर्घ्यं...॥ २९॥

घोरगुणों को धारकर, घोर वेदना टार।
वृषभनाथ श्रुतधाम को, नमोऽस्तु बारम्बार॥
ॐ ह्रीं णमो घोरगुणाणं श्रीवृषभनाथ-जिनेन्द्राय दीपं.../अर्घ्यं...॥ ३०॥

घोरपराक्रम धारकर, चित् चैतन्य निखार।
वृषभनाथ श्रुतधाम को, नमोऽस्तु बारम्बार॥
ॐ ह्रीं णमो घोरपरक्कमाणं श्रीवृषभनाथ-जिनेन्द्राय दीपं.../अर्घ्यं...॥ ३१॥

घोरब्रह्मगुण धारकर, सबको पार उतार।
वृषभनाथ श्रुतधाम को, नमोऽस्तु बारम्बार॥
ॐ ह्रीं णमो घोरगुणबंभयारीणं श्रीवृषभनाथ-जिनेन्द्राय दीपं.../अर्घ्यं...॥ ३२॥

(सखी)

आमर्ष-औषधी ऋद्धि, दे करो स्वयं की शुद्धि।
श्री वृषभनाथ श्रुतधामी, हम करें नमोऽस्तु स्वामी॥
ॐ ह्रीं णमो आमोसहिपत्ताणं श्रीवृषभनाथ-जिनेन्द्राय दीपं.../अर्घ्यं...॥ ३३॥

प्रभु खेल्ल-औषधी धारी, शाश्वत सुख के भण्डारी।
श्री वृषभनाथ श्रुतधामी, हम करें नमोऽस्तु स्वामी॥
ॐ ह्रीं णमो खेल्लोसहिपत्ताणं श्रीवृषभनाथ-जिनेन्द्राय दीपं.../अर्घ्यं...॥ ३४॥

प्रभु जल्ल-औषधी धारी, तुम रत्नों के व्यापारी।
श्री वृषभनाथ श्रुतधामी, हम करें नमोऽस्तु स्वामी॥
ॐ ह्रीं णमो जल्लोसहिपत्ताणं श्रीवृषभनाथ-जिनेन्द्राय दीपं.../अर्घ्यं...॥ ३५॥

प्रभु विप्रुष-औषधि धारी, हो निज आहार विहारी।
श्री वृषभनाथ श्रुतधामी, हम करें नमोऽस्तु स्वामी॥
ॐ ह्रीं णमो विप्पोसहिपत्ताणं श्रीवृषभनाथ-जिनेन्द्राय दीपं.../अर्घ्यं...॥ ३६॥

प्रभु सर्व-औषधी धारी, तुम तार रहे नर नारी।
श्री वृषभनाथ श्रुतधामी, हम करें नमोऽस्तु स्वामी॥
ॐ ह्रीं णमो सव्वोसहिपत्ताणं श्रीवृषभनाथ-जिनेन्द्राय दीपं.../अर्घ्यं...॥ ३७॥

प्रभु सकल मनोबल धारी, बल साहस के दातारी।
श्री वृषभनाथ श्रुतधामी, हम करें नमोऽस्तु स्वामी॥
ॐ ह्रीं णमो मणबलीणं श्रीवृषभनाथ-जिनेन्द्राय दीपं.../अर्घ्यं...॥ ३८॥

प्रभु वचन दोष हर्त्तारी, हो वचनबली उपकारी।
श्री वृषभनाथ श्रुतधामी, हम करें नमोऽस्तु स्वामी॥
ॐ ह्रीं णमो वचबलीणं श्रीवृषभनाथ-जिनेन्द्राय दीपं.../अर्घ्यं...॥ ३९॥

(अर्द्ध विष्णु)

बाहुबली सा ध्यान लगाएँ, कायबली आहा।
ओम् ह्रीं वृषभनाथ-जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥
ॐ ह्रीं णमो कायबलीणं श्रीवृषभनाथ-जिनेन्द्राय दीपं.../अर्घ्यं...॥ ४०॥

नीर-क्षीर का भेद सिखाएँ, क्षीरस्रावि आहा।
ओम् ह्रीं वृषभनाथ-जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥
ॐ ह्रीं णमो खीरसवीणं श्रीवृषभनाथ-जिनेन्द्राय दीपं.../अर्घ्यं...॥ ४१॥

चिदानंद घृत जैसा देते, सर्पिस्त्रावि आहा।
ओम् ह्रीं वृषभनाथ-जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं णमो सप्पिसवीणं श्रीवृषभनाथ-जिनेन्द्राय दीपं.../अर्घ्यं...॥ ४२॥

मधुर-मधुर सा रस झलकाएँ, मधुरस्त्रावि आहा।
ओम् ह्रीं वृषभनाथ-जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं णमो महुरसवीणं श्रीवृषभनाथ-जिनेन्द्राय दीपं.../अर्घ्यं...॥ ४३॥

विष जैसी विषबेल नशाएँ, अमृतस्त्रावि आहा।
ओम् ह्रीं वृषभनाथ-जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं णमो अमियसवीणं श्रीवृषभनाथ-जिनेन्द्राय दीपं.../अर्घ्यं...॥ ४४॥

दें अक्षीण-महानस-आलय, महा ऋद्धि आहा।
ओम् ह्रीं वृषभनाथ-जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं णमो अक्खीणमहाणसाणं श्रीवृषभनाथ-जिनेन्द्राय दीपं.../अर्घ्यं...॥ ४५॥

वर्धमान सर्वोच्च सफल गुण, देते हो आहा।
ओम् ह्रीं वृषभनाथ-जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं णमो वड्ढमाणाणं श्रीवृषभनाथ-जिनेन्द्राय दीपं.../अर्घ्यं...॥ ४६॥

सिद्ध-आयतन सिद्ध शिला दें, सिद्धालय आहा।
ओम् ह्रीं वृषभनाथ-जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं णमो सव्वसिद्धायदणाणं श्रीवृषभनाथ-जिनेन्द्राय दीपं.../अर्घ्यं...॥ ४७॥

णमोकारमय साधु जनों को, नमस्कार आहा।
ओम् ह्रीं वृषभनाथ-जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं णमो लोए सव्वसाहूणं श्रीवृषभनाथ-जिनेन्द्राय दीपं.../अर्घ्यं...॥ ४८॥

पूर्णार्घ्य (हरिगीतिका)

तीर्थकरों के रूप आदि, गणधरों के नाथ हैं।
दुख-दर्द हर्त्ता मंत्र साँचे, भक्त जन के साथ हैं॥

सुख ज्ञान की वर्षा करो, अध्यात्म अंकुर हो सकें।
'सुव्रत' सम्भालें धर्म अपने, कर्म दल-मल धो सकें॥

(दोहा)

वृषभनाथ श्रुतधाम के, करें जगत कल्याण।
हम चरणों में आ पड़े, स्वीकारो भगवान॥

ॐ ह्रीं सर्वऋद्धिसम्पन्न श्रीवृषभनाथ-जिनेन्द्राय पूर्णार्घ्यं...।

जाप्यमंत्र

ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं अर्हं श्री वृषभनाथ-जिनेन्द्राय नमो नमः।

समुच्चय जयमाला

(दोहा)

वृषभनाथ भगवान् की, महिमा अपरम्पार।
धर्म प्रदाता नाथ को, नमोऽस्तु बारम्बार॥
ग्रह परिग्रह के रोग को, नष्ट करें आदीश।
सो श्रुतधाम विधान कर, भक्त झुकाएँ शीश॥

(ज्ञानोदय)

वृषभदेव या आदिदेव जो, ब्रह्मदेव पुरुदेव रहे।
मरुदेवी या नाभिराय सुत, प्रथमदेव जिनदेव कहे॥
जिनके सहस्त्रनाम हुए जो, आदि प्रवर्तक कहलाये।
ऐसे पहले तीर्थंकर के, गुण गाने हम भी आये॥१॥
वृषभनाथ दसवें भव में नृप, रहे महाबल विद्याधर।
ललितांग फिर वज्रजंघ फिर , भोग भूमि में आर्य प्रवर॥
फिर श्रीधर फिर सुविधी केशव, वज्रनाभि चक्रेश हुए।
वज्रनाभि मुनि बन गुरु पद में, भावनाएँ सोलह भाए॥२॥
तीर्थंकर पद बाँध मरण कर, सुर सर्वार्थसिद्धि पाए।

तज सर्वार्थसिद्धि सुर आलय , वह अहमिन्द्र यहाँ आए॥
भरत क्षेत्र के अंतिम कुलकर, नाभिराय सुत बन भाए।
हुण्डा अवसर्पिणी काल में, माँ को सोलह स्वप्न आए॥३॥
हुए पंचकल्याणक फिर तो, भरत क्षेत्र में फैला धर्म।
जी हाँ ! ये वो वृषभनाथ जो, नगर अयोध्या धारे जन्म॥
षट् कर्मों की शिक्षा देकर, बने वृषभसागर निर्ग्रंथ।
अक्षय तीजा दान तीर्थ दे, समवसरण शोभे अरिहंत ॥४॥
अष्टापद से मोक्ष पधारे, हम तो लाडू चढ़ा रहे।
आदिब्रह्म के बिंब बनाकर, मंदिर तीरथ सजा रहे॥
जी हां ऐसा ही तीरथ तो, बीना का श्रुतधाम रहा।
भारत देश मध्यप्रदेश में, सागर के नजदीक वसा ॥५॥
विशाल प्रतिमा वृषभनाथ की, मन को मोहित करती है।
जिन चरणों की तीर्थ वंदना, आतम शोधित करती है ॥
प्रतिमा का निर्माण हुआ तो, मिस्त्री सप्त व्यसन छोड़े।
प्रतिमा आई तो श्रद्धालु, खुशी.खुशी लेने दौड़े॥६॥
जिनको देख जैन खुश होते, यह तो है श्री जैन धरम।
लेकिन जैनेतर खुश होकर, धारण कर लें व्रत संयम॥
विद्यागुरु की महा कृपा से, तीर्थ बना श्रुतधाम महा।
पूज्य सरलसागर की छाया, मिली प्रतिष्ठा हुई यहाँ॥७॥
सुभाष मिठया जी पुण्यार्जन, करके बिम्ब विराज दिए।
दो हजार पंद्रह में गजरथ, आगम के अनुसार हुए॥
फिर मिठयाजी श्रुतसागर बन, मुनि पद पर आरूढ़ हुए।
और अनेकों साधक भी तो, व्रत संयम पर रूढ़ हुए ॥८॥

ऐसा यह श्रुतधाम हमारा, देवोंकृत अतिशयकारी।
जो श्रद्धा से यहाँ पधारें, उन सबका मंगलकारी॥
आगम का साम्राज्य देखकर, विस्मित हों मुख आकृतियाँ।
हस्तलिखित शास्त्रों की लिपियाँ, ताड़पत्र पांडुलिपियाँ॥९॥
आँखें फटी-फटी रह जातीं, रोम-रोम पुलकित होते।
यम-संयम धारण करने को, वैरागी से मन होते॥
त्यागी व्रतियों के आश्रम में, ज्ञान और वैराग्य दिखे।
सो आतम के हर साधक के, तन-मन आकर यहाँ टिके॥१०॥
समवसरण की प्यारी रचना, मुक्ताकाश निराली है।
चौबीसी के दर्शन करके, होती धर्म दिवाली है॥
महावीर की गंधकुटी तो, सचमुच! मोह मिटा देगी।
आज नहीं तो कल या परसों, सचमुच! मोक्ष दिला देगी॥११॥
जिनशासन का अद्‌भुत संगम, बीना का श्रुतधाम रहा।
जैन साधकों का यह तीरथ, आतम का कल्याण रहा॥
इसका सीधा सरल मार्ग है, सो श्रुतधाम पधारो रे।
'विद्या' के 'सुव्रतसागर' बन, नैया पार उतारो रे॥१२॥

(दोहा)

प्रथम प्रथम आराध्य हैं, वृषभनाथ श्रुतधाम।
सो नमोऽस्तु कर तीर्थ को, बारम्बार प्रणाम॥

ॐ ह्रीं तीर्थक्षेत्र श्रुतधाम बीना स्थित श्री वृषभनाथ-जिनेन्द्राय समुच्चय जयमाला पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।

वृषभनाथ स्वामी करें, विश्वशान्ति कल्याण।
प्रासुक जल की धार दे, हम पूजत भगवान्॥

(शान्तये शान्तिधारा...)

कल्पवृक्ष के पुष्प सम, पुष्पांजलि पद लाए।
भव दुःखों को मेंट दो, वृषभनाथ जिनराय॥

(पुष्पांजलि...)

महार्घ्य

(हरिगीतिका)

अर्हंत सिद्धाचार्य आदि, देव परमेष्ठी भजें।
रत्नत्रयी दसधर्म पूजें, भावना सोलह भजें॥
कृत्रिम अकृत्रिम बिम्ब आलय, हम भजें त्रयलोक के।
अनुयोग चारों तीर्थ पाँचों, पूजते हम ढोक दे॥
प्रभु नाम कल्याणक भजें, नंदीश्वरा मेरु भजें।
श्री सिद्ध-अतिशयक्षेत्र पूजें, तीस चौबीसी भजें॥
मन से वचन से काय से हम, जैनशासन पूजते।
जिन पूजकर निज प्राप्ति हेतु, चेतना सुख खोजते॥

(दोहा)

सर्व पूज्य को हम भजें, आत्मसिद्धि के काज।
महा अर्घ्य ले पूजते, करके नमोऽस्तु आज॥

ॐ ह्रीं भावपूजा-भाववन्दना-त्रिकालपूजा-त्रिकालवन्दना-कृत-कारित-अनुमोदना-विषये श्री अर्हंत-सिद्ध-आचार्य-उपाध्याय-सर्वसाधु-रूप-पंचपरमेष्ठिभ्यो नमः। प्रथमानुयोग-करणानुयोग-चरणानुयोग-द्रव्यानुयोग-रूप-द्वादशांग-जिनागमेभ्यो नमः। उत्तमक्षमादि-दशलक्षण-धर्मेभ्यो नमः। दर्शनविशुद्ध्यादि-षोडशकारणेभ्यो नमः। सम्यग्दर्शन-ज्ञान-चारित्रेभ्यो नमः। उर्ध्वलोक-मध्यलोक-अधोलोक-संबंधिनः-त्रिलोक-स्थित-कृत्रिम-अकृत्रिम-जिनबिम्बेभ्यो नमः। विदेहक्षेत्र-स्थित-विद्यमान-विंशति-तीर्थंकरेभ्यो नमः। पंचभरत-पंचऐरावत-दशक्षेत्र-संबंधिनः त्रिंशत्-चतुर्विंशति-संबंधिनः-सप्तशतक-विंशति तीर्थंकरेभ्यो नमः। नंदीश्वरद्वीप-संबंधिनः-द्विपञ्चाशत्-जिनालयस्थ-पंचसहस्त्र-षट्शतक-षोडश-जिनबिम्बेभ्यो नमः। पञ्चमेरु-सम्बधी-अशीति जिनालयस्थ-अष्टसहस्त्र-षट्शतक-चत्वारिंशत्-जिनबिम्बेभ्यो

नमः। श्रीसम्मेदशिखर-अष्टापद-गिरनार-चम्पापुर-पावापुर-कुंडलपुर- पवाजी-सोनागिरादि-सिद्धक्षेत्रेभ्यो नमः। जैनबद्री-मूढ़बद्री-हस्तिनापुर-तिजारा-पद्मपुरा-महावीरजी आदि-अतिशयक्षेत्रेभ्यो नमः। श्री चारणऋद्धिधारी सप्तऋषिभ्यो नमः। श्रीवृषभादि-वीरान्त-चतुर्विंशति-तीर्थंकरादि-नवदेवता-जिनसमूहेभ्यो नमः।

ॐ ह्रीं श्रीमतं भगवंतं कृपालसंतं श्री वृषभादि-वीरांतान् चतुर्विंशति तीर्थंकर आद्यानांआद्ये जम्बूद्वीपे-भरतक्षेत्रे-आर्यखण्डे-भारतदेशे-मध्यप्रदेशे-.....जिलान्तर्गते.....मासोत्तममासे.....मासे.....पक्षे....तिथौ....वासरे..मुनि-आर्यकाणां-श्रावकश्राविकाणां सकलकर्मक्षयार्थं जलादि-महाऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शान्तिपाठ

(हरीगीतिका)

हम इन्द्र चक्री तो नहीं बस, मूढ़ जैसे भक्त हैं।
धन ज्ञान वा सम्यक् क्रिया की, शास्त्र विधि से रिक्त हैं॥
बस आपके श्रद्धालु हैं हम, भक्ति को मजबूर हों।
सो गल्तियाँ होना सहज हैं, जो क्षमा से दूर हों॥
तुम तो क्षमा अवतार हो, प्रभु दान दो उत्तम क्षमा।
तो हम क्षमाधारी बनें कुछ, पुण्य पूजा से कमा॥
जब तक क्षमा का धाम निज में, ना मिले विश्राम तो।
तब तक मिले अर्हंत शरणा, सिद्ध प्रभु का ध्यान हो॥

(दोहा)

परमेष्ठी नवदेवता, चौबीसों भगवान।
पाप हरें सुख शान्ति दें, करें विश्व कल्याण॥

(शान्तये शान्तिधारा...) (जल की धारा करें)

अपने उर में बह उठे, विश्व शान्ति की धार।
कर्मों के ग्रह शान्ति को, नमोऽस्तु बारम्बार॥

(शान्तये शान्तिधारा...) (चंदन की धारा करें)

(हरीगीतिका)

अभ्यास शास्त्रों का करें, निर्ग्रन्थ गुरु की अर्चना।
हो विश्व शान्ति आत्म शान्ति, पूर्ण हो यह प्रार्थना॥
हों रोग ना व्याधि किसी को, खेद ना दुख कष्ट हों।
मौसम सदा अनुकूल होवे, जीव ना पथ भ्रष्ट हों॥

(दोहा)

परमेष्ठी का मंत्र जो, महामंत्र णमोकार।
हम सब मिलकर अब यहाँ, मंत्र जपें नौ बार॥

(पुष्पांजलिं... कायोत्सर्गं...)

विजर्सन पाठ

(दोहा)

ज्ञान और अज्ञान से, रही भूल जो नाथ।
आगम-विधि वो पूर्ण हो, पाकर तेरा हाथ॥
मंत्रादिक से हीन मैं, नहिं पूजन का ज्ञान।
मुझे क्षमा कर दीजिये, चरण शरण का दान॥
शीश झुकाऊँ आज मैं, हो पूजा सम्पन्न।
पाप हरो मंगल करो, करो मुझे प्रभु धन्य॥

ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः अ सि आ उ सा अर्हदादि-परमेष्ठिनः पूजाविधिं विसर्जनं करोमि। अपराध-क्षमापणं भवतु। यः यः यः/(जः जः जः)।

(उक्त मंत्र पढ़कर ठोने पर पुष्प क्षेपण कर विसर्जन करें।)

श्री जिनवर की आशिका, लीजे शीश चढ़ाय।
भव-भव के पातक कटें, दुःख दूर हो जाय

(नौ बार णमोकार मंत्र का जाप)

आरती

छूम छूम छना ननना बाजे, बाबा करूँ आरतिया।
करूँ आरतिया बाबा करूँ आरतिया॥ छूम छूम...
वृषभनाथ प्रभु पहले स्वामी, धर्मालु हो अंतर्यामी।
हम सबके बड़े बाबा, बाबा करूँ आरतिया॥ करूँ...
नाभिराय के राज दुलारे, मरुदेवी के नयन सितारे।
अयोध्या में अवतारे, बाबा करूँ आरतिया॥ करूँ...
नृत्य नाच देख वैरागे, अष्टापद से भव सुख त्यागे।
मुक्तिवधू के स्वामी, बाबा करूँ आरतिया॥ करूँ...
बीना के श्रुतधाम जिनंदा, वृषभनाथ दें परमानंदा ।
हम सब के उपकारी, बाबा करूँ आरतिया॥ करूँ...
जो श्रुतधाम तीर्थ पर आएँ, वृषभनाथ सम गुण धन पाएँ।
आपद कष्ट नशाएँ, बाबा करूँ आरतिया॥ करूँ...
दुख संकट भय भूत मिटाओ, ऋद्धि-सिद्धि सुख शान्ति दिलाओ।
'सुव्रत' को भी तारो, बाबा करूँ आरतिया॥ करूँ...

===

जाकर आते हैं (भजन-स्तुति)

जाकर आते हैं, भगवन! जाकर आते हैं।
पुनः आपके दर्शन को हम, जाकर आते हैं॥
सदा आपके चरणों में हम, रहना तो चाहें।
किन्तु पाप की मजबूरी से, हम ना रह पाएँ॥
पाप घटाने पुण्य बढ़ाने, फिर से आते हैं।
पुनः आपके दर्शन को हम, जाकर आते हैं॥

श्रुतधाम चालीसा

(दोहा)

अरिहंतों को कर नमन, सिद्धों का कर ध्यान।
आचार्यों की सन्निधि, उपाध्याय का ज्ञान॥
साधु जनों की वंदना, णमोकार का गान।
करने को उद्यत हुए, आकर के श्रुतधाम॥
वृषभनाथ के तीर्थ का, यह चालीसा पाठ।
कर नमोस्तु जो भी करें, बढ़ें उन्हीं के ठाट॥

(चौपाई)

जय श्रुत धाम तीर्थ के स्वामी, वृषभनाथ जी अंतर्यामी।
महा मनोहर अतिशयकारी, भक्त जनों को मंगलकारी॥1॥
वृषभनाथ की जिनवर मुद्रा, पद्मासन उत्तुंग जिनंदा।
श्रद्धालु की है कल्याणी, पुण्यात्माओं की वरदानी॥2॥
प्यारा है श्रुत धाम निराला, अद्वितीय संयम गुणमाला।
जिनशासन की अद्भुत छाया, जड़ चेतन की अतिशय माया॥3॥
जबसे जिनवर यहाँ विराजे, देवादेव बजाएँ बाजे।
जैन-अजैन झुकाएँ माथा, आओ हम भी गाएँ गाथा॥4॥
भारत देश हमारा प्यारा, मध्यप्रदेश राज्य सुखकारा।
सागर जिला नगरिया बीना, जहाँ तीर्थ श्रुतधाम नगीना॥5॥
अष्टापद जिसके उत्तर में, गोम्टेश्वर जिसके दक्षिण में।
पूरव में सम्मेद शिखरजी, पश्चिम में गिरनार गिरी जी॥6॥
बीना नगर हृदय के जैसा, धर्म पुण्य के संगम जैसा।
जहाँ जिनालय की न कमी थी, किंतु तीर्थ की यहाँ कमी थी॥7॥
सो भक्तों ने भाव बनाए, तीर्थ क्षेत्र के स्वप्न सजाए।

भैया जी संदीप साथ में, बनी योजना बात-बात में ॥8॥
एक बड़े उत्तुंग बिंब को, पधराना प्रभु वृषभ बिंब को।
पद्मासन की कर तैयारी, मकराना पहुँचे नर-नारी ॥9॥
बिंब हेतु पाषाण तलाशा, अतिशयकारी हो गई वर्षा।
ज्यों प्रारंभ हुई थी रचना, झूम उठी सारी संरचना ॥10॥
शिल्पकार जो बिंब तराशे, पहले सप्त व्यसन वो त्यागे।
अतः बिंब में अतिशय आया, बिंब पूर्णता का क्षण आया ॥11॥
सेठ कहे प्रभु लेट जाएंगे, भैया बोले बैठ जाएंगे।
ज्यों वाहन पर बिंब विराजे, वर्षा हुई मेघ भी गरजे ॥12॥
जैसे बिंब पूर्ण हो निकले, दर्शन को नर-नारी मचले।
एक गाँव की बात अनोखी, शक्ति समर्पण श्रद्धा चोखी ॥13॥
तीन बालिकाएँ तब आईं, दर्शन करना मुझको भाई।
भैया बोले यह ना होगा, प्रथम नियम कुछ लेना होगा ॥14॥
कन्याएँ बोलीं व्रत ले लेंगे, पर दर्शन बिन नहीं रहेंगे।
कन्याओं ने नियम संभाले, भगवन हो गए अतिशय वाले ॥15॥
गाँव-गाँव जब पहुँचे जिनवर, हुए महोत्सव जगह जगह पर।
ज्यों तीर्थंकर का वंदन हो, त्यों प्रतिमा का अभिनंदन हो ॥16॥
बुध आदि निर्वाण महोत्सव, दो हजार ग्यारह में उत्सव।
भगवन आए हुए विराजित, फूलों जैसे हुए सुसज्जित ॥17॥
जैसे हुए सुसज्जित भगवन, छह ऋतुओं के आए मौसम।
अद्भुत फल फूलों को देखा, अतिशय को बस माथा टेका ॥18॥
यह चर्चा सुन सब हर्षाए, यहाँ सरलसागर तब आए।
देख बिंब को बस था जाना, रुकने का ना कोई बहाना ॥19॥
पर जिनमुद्रा इतनी भायी, चातुर्मास हुआ सुखदायी।

अतिशय आकर्षण सम्मोहन, ज्यों श्रुतधाम विराजे भगवन ॥20॥
भक्तों के फिर मन मचलाए, यहाँ विदेशी देशी आए।
सो जीवंत हुआ श्रुतधामा, जय हो वृषभनाथ भगवाना ॥21॥
जिसका यह परिणाम हुआ रे, शीघ्र तीर्थ निर्माण हुआ रे।
राग-द्वेष भी मंद हुआ रे, जिनशासन जयवंत हुआ रे ॥22॥
पर्व पंचकल्याणक करना, अतः विविध विधान भी करना।
छह माहों तक भक्ति रचाई, मंत्र शक्ति अतिशय दिखलाई ॥23॥
तीन माह गंधोदक बरसा, फिर गजरथ में जन-जन हर्षा।
बने हजार इन्द्र-इन्दाणी, हुई प्रतिष्ठा जन कल्याणी ॥24॥
उत्सव बिना बोलियों वाला, शास्त्रों के अनुसार निराला।
मंत्र मिला प्रतिमा को जैसे, सो जीवंत हुए प्रभु वैसे ॥25॥
मंत्र सरलसागर जी देकर, खुश होते प्रभु मुद्रा लखकर।
फिर तो यांत्रिक गजरथ होते, दया अहिंसा सब दुख खोते ॥26॥
हुए विराजित ऐसे आदि, दूर करें जो आधि व्याधि।
हरें मानसिक रोग उपाधि, करवाते जो मरण समाधि ॥27॥
अरे! सुनो तो कहाँ ध्यान है, अनेकांत का यहाँ ज्ञान है।
ओ! भव्यातम सुन ले पगली, दाँतो तले दबेगी उँगली ॥28॥
देख यहाँ की माँ जिनवाणी, श्रद्धा भरने लगती पानी।
देख यहाँ की पावन माटी, सिर ऊँचा हो फूले छाती ॥29॥
हस्तलिखित हैं पांडुलिपियाँ, अद्भुत-अद्भुत आगम कृतियाँ।
देख जिनागम शास्त्र विशाला, शीघ्र खुलेगा सुख का ताला ॥30॥
ओ!भैया जी कहाँ चले हो, तुम तो प्यारे भले-भले हो।
रचना मुक्ताकाश निहारो, समवसरण से आत्म निखारो ॥31॥
चौबीसी की छटा निराली, गंधकुटी प्रभु वीर दिवाली।

वृषभनाथ से वीर जिनंदा, यहाँ बरसता परमानंदा ॥32॥
सो आकर ठहरो आश्रम में, तप करके रम लो आतम में।
यहाँ वहाँ ना भटको भैया, पकड़ो जल्दी तीर तिरैया ॥33॥
यह मानव पर्याय अनोखी, बिन समाधि के क्रिया न चोखी।
किंतु समाधि तब ही होगी, जहाँ साधना व्रत की होगी ॥34॥
जो साधक श्रुतधाम पधारे, हुए उन्हीं के बारे-न्यारे।
कितने साधक किए समाधि, कितने बन बैठे मुनि त्यागी ॥35॥
उनकी गणना कर न सकेंगे, किंतु भक्ति बिन हम न रुकेंगे।
सो श्रुतधाम हमें है प्यारा, ज्ञान ध्यान का संगम न्यारा ॥36॥
व्यसन रुकेंगे पाप मिटेंगे, यहाँ कर्म अभिशाप कटेंगे।
रोग शोक दुख कष्ट मिटेंगे, आदिनाथ जिनराज मिलेंगे ॥37॥
जिनकी चरण धूल सुखकारी, गंधोदक की है बलिहारी।
ऋद्धि-सिद्धि समृद्धि दाता, परमातम का तत्त्व प्रदाता ॥38॥
सो श्रुतधाम तीर्थ को ध्याना, बीना आना भूल न जाना।
मोक्षमहल की टिकट मिलेगी, 'विद्या' गुरु की रेल मिलेगी ॥39॥
'सुव्रत' हरी दिखाएँ झंडी, छोड़ो पापों की पगडंडी।
चालीसा का पाठ रचा लो, निज आतम श्रुतधाम बना लो ॥40॥

(सोरठा)

चालीसा का पाठ, जो करता है ध्यान से।
बनके जग सम्राट, मिलता प्रभु भगवान से॥
आकर के श्रुतधाम, वृषभनाथ भगवान को।
हो नमोस्तु धर ध्यान, अपना भी निर्वाण हो॥

===

नवीन निर्वाण काण्ड (दोहा)

मंगलमय मंगलकरण, वीतराग विज्ञान।
करके नमोऽस्तु हम कहें, पूज्यकाण्ड निर्वाण॥

(चौपाई)

अष्टापद से आदि-अनन्त, भरत बाहुबलि कर्म हनन्त।
बाल बालमहा नागकुमार, जिनको नमोऽस्तु बारम्बार॥१॥
वासुपूज्य चम्पापुर त्याग, महावीर पावापुर त्याग।
मुक्त हुए कर निज उद्धार, जिनको नमोऽस्तु बारम्बार॥२॥
गिरिनारी से नेमीनाथ, शंबु प्रद्युम्न अनिरुद्ध साथ।
कोटि बहत्तर सत सौ पार, जिनको नमोऽस्तु बारम्बार॥३॥
श्री सम्मेदशिखर से शेष, तीर्थंकर प्रभु बीस अशेष।
मोक्षमहल के खोले द्वार, जिनको नमोऽस्तु बारम्बार॥४॥
नगर तारवर से वरदत्त, मुनिवरांग मुनि सागरदत्त।
साढ़े तीन कोटि भव पार, जिनको नमोऽस्तु बारम्बार॥५॥
सात-सात बलभद्र विशेष, आठ कोटि यदुवंशि नरेश।
गजपंथा से मोक्ष पधार, जिनको नमोऽस्तु बारम्बार॥६॥
राम पुत्र लव कुश भव छोड़, लाट देश नृप पाँच करोड़।
पावागढ़ से मोक्ष पधार, जिनको नमोऽस्तु बारम्बार॥७॥
पाण्डव भीम युधिष्ठिर पार्थ, द्रविड़ आठ कोटि नृप साथ।
शत्रुंजय से मोक्ष पधार, जिनको नमोऽस्तु बारम्बार॥८॥
राम हनू सुग्रीव गवाक्ष, गवय नील महानील जिनाक्ष।
निन्यान्वें कोटि तुंगी पार, जिनको नमोऽस्तु बारम्बार॥९॥
नंग अनंग कुमार प्रसिद्ध, साढ़े पाँच करोड़ सुसिद्ध।
सोनागिरि से मोक्ष पधार, जिनको नमोऽस्तु बारम्बार॥१०॥
रावण सुत सिद्धोदय छोड़, आदिक साढ़े पाँच करोड़।
रेवातट नेमावर पार, जिनको नमोऽस्तु बारम्बार॥११॥
रेवा पार्श्व सिद्धवरकूट, साढ़े तीन कोटि तज झूठ।
दो चक्री दस कामकुमार, जिनको नमोऽस्तु बारम्बार॥१२॥

बड़वानी की दक्षिण पीठ, कुंभकर्ण अरु इन्दरजीत।
चूलगिरि से मोक्ष पधार, जिनको नमोऽस्तु बारम्बार॥१३॥
स्वर्ण वीर मुनि गुण-मणिभद्र, नदी चेलना पूरव हद्द।
पावागिरि से मोक्ष पधार, जिनको नमोऽस्तु बारम्बार॥१४॥
फलहोड़ी के पश्चिम भाग, शिखर द्रोणगिरि परभव त्याग।
गुरुदत्तादिक मोक्ष पधार, जिनको नमोऽस्तु बारम्बार॥१५॥
दिशा अचलपुर की ईशान, साढ़े तीन कोटि मुनि जान।
मुक्तागिरि से मोक्ष पधार, जिनको नमोऽस्तु बारम्बार॥१६॥
वंशस्थल के पश्चिम घाट, कुलभूषण देशभूषण भ्रात।
कुंथलगिरि से मोक्ष पधार, जिनको नमोऽस्तु बारम्बार॥१७॥
दशरथ राज पाँच सौ पुत्र, हुए कलिंग देश से मुक्त।
कोटिशिला से कोटि पधार, जिनको नमोऽस्तु बारम्बार॥१८॥
गुरु वरदत्तादिक मुनि पाँच, पाकर समवसरण प्रभु पार्श्व।
नैनागिरि से मोक्ष पधार, जिनको नमोऽस्तु बारम्बार॥१९॥
राजगृही से विद्युतचोर, अष्टापद से अंजनचोर।
गौतम गए गुणावा पार, जिनको नमोऽस्तु बारम्बार॥२०॥
मथुरा से श्री जंबूस्वामि, कुण्डलपुर से श्रीधर नामि।
सेठ सुदर्शन पटना बिहार, जिनको नमोऽस्तु बारम्बार॥२१॥
अहारजी से मदनकुमार, विस्कंवल पहुँचे शिवद्वार।
सुप्रतिष्ठित गोपाचल पार, जिनको नमोऽस्तु बारम्बार॥२२॥
यम धन आदिक संत प्रसिद्ध, शौरि-बटेश्वर से जो सिद्ध।
कनकगिरि से श्रीधर राज, जिनको नमोऽस्तु बारम्बार॥२३॥
जग में जितने भू-निर्वाण, गुफा नदी वन कन्दर थान।
भू नभ जल से मोक्ष पधार, जिनको नमोऽस्तु बारम्बार॥२४॥
कर निर्वाणकाण्ड के गान, 'सुव्रत' चाहें निज निर्वाण।
हो जाए जग का उद्धार, करके नमोऽस्तु बारम्बार॥२५॥

(दोहा) जो पाए निर्वाण सुख, सिद्ध अनन्तानन्त।
करके नमोऽस्तु हम भजें, सिद्धक्षेत्र भगवंत॥

॥ इति ॥